# गर्लफ्रेंड को भगाने पहुंचे प्रेमी की पीट-पीटकर हत्या

## परिजनों ने घर में बंधक बनाकर रात भर पीटा, आज होनी थी लड़की की सगाई



**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 30 मार्च।** कोलारस कस्बे में अपनी गर्लफ्रेंड को घर से भगाकर ले जाने पहुंचे एक युवक की परिजनों ने पीट-पीटकर हत्या कर दी। सोमवार सुबह करीब 10 बजे उसका शव गांव के पास नाले में पड़ा मिला। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रन्नौद थाना क्षेत्र के नेगमा गांव का रहने वाला 26 वर्षीय अर्जुन पाल का कोलारस की 20 वर्षीय युवती के साथ अफेयर चल रहा था। दोनों के परिवारों को इस संबंध की जानकारी थी। लेकिन अलग-अलग समाज के होने के कारण लड़की के परिजन इस रिश्ते के खिलाफ थे और शादी के लिए तैयार नहीं थे। बताया जा रहा है कि लड़की अपने प्रेमी अर्जुन से शादी करना चाहती थी और इस बात पर अड़ी हुई थी लेकिन परिवार ने उसकी शादी कहीं और तय कर दी थी। सोमवार को उसकी सगाई होने वाली थी। इस बात की जानकारी लड़की ने फोन पर अर्जुन को दी थी। जिसके बाद दोनों ने मिलकर घर से भाग जाने की योजना बनाई थी। इसी योजना के तहत अर्जुन रविवार देर शाम कोलारस पहुंचा।

उसने अपने रिश्तेदार कल्ला पाल से मदद मांगी, जो कोलारस में एक फार्म हाउस पर रहकर खेती करता था। रविवार रात करीब 1 बजे अर्जुन और कल्ला, लड़की के घर के पास खेत और हाईवे किनारे पहुंच गए। लड़की को वहीं आना था, ताकि दोनों वहां से भाग सकें। लेकिन इस योजना की जानकारी लड़की के परिजनों को लग गई। लड़की के आने की जगह उसके परिजन मौके पर पहुंच गए और दोनों युवकों को पकड़ लिया। परिजनों ने कल्ला पाल को थप्पड़ मारे और जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद कल्ला किसी तरह मौके से भाग निकला लेकिन अर्जुन को पकड़कर परिजन अपने घर ले गए। घर ले जाकर अर्जुन को बंधक बना लिया गया और उसके साथ जमकर मारपीट की गई। लगातार पिटाई के चलते अर्जुन की मौके पर ही मौत हो गई। हत्या के बाद परिजनों ने सबूत छिपाने के लिए अर्जुन के शव को खेत से करीब 100 मीटर दूर नाले में फेंक दिया। सोमवार सुबह ग्रामीणों ने नाले में एक शव पड़ा देखा, जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पहचान की, जिसमें मृतक अर्जुन पाल निकला। बताया गया है कि सुबह लड़की का दादा खुद थाने पहुंचा और अर्जुन के साथ मारपीट की जानकारी दी। इस मामले में कल्ला पाल की शिकायत पर पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर लिया है। कोलारस थाना प्रभारी गब्बर सिंह गुर्जर के अनुसार, लड़की के पिता, दादा और तीन अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या की धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# बदरवास में अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

## कार से देशी रिवॉल्वर और जिंदा कारतूस बरामद, आरोपी का दूसरा साथी फरार



**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 30 मार्च।** बदरवास थाना क्षेत्र में पुलिस ने होटल-ढाबा चेकिंग के दौरान एक युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में एक देशी रिवॉल्वर और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया, जबकि आरोपी का एक साथी मौके से फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार, यह घटना 30 मार्च 2026 की रात करीब 12 बजे की है। सिल्वर पार्क होटल के पास मैदान में चेकिंग के दौरान पुलिस को एक सफेद रंग की बोलेरो कार में दो संदिग्ध युवक दिखाई दिए। पुलिस वाहन को देखकर एक युवक मौके से भाग निकला, जबकि दूसरे को पुलिस टीम ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। पकड़े गए युवक ने पूछताछ में अपना नाम सुगन यादव (21 वर्ष), निवासी पहाड़ा, थाना तेन्दुआ, जिला शिवपुरी बताया। तलाशी के दौरान उसकी कार की ड्राइवर सीट के पीछे कपड़े में लिपटी एक देशी रिवॉल्वर मिली, जिसके सिलेंडर में एक जिंदा कारतूस भरा हुआ था।

आरोपी रिवॉल्वर का कोई वैध लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सका। सुगन यादव ने अपने फरार साथी का नाम आकाश गुर्जर, निवासी बामौर, जिला मुरैना बताया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लगभग 20 हजार रुपये कीमत की रिवॉल्वर और कारतूस के साथ-साथ करीब 8 लाख रुपये कीमत की बोलेरो कार क्रमांक एमपी 07 जेडएस 2697 जब्त की है। पुलिस ने मौके पर पंचनामा कार्रवाई पूरी कर आरोपी सुगन यादव को गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 25 और 27 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। फरार आरोपी आकाश गुर्जर की तलाश जारी है।

# ध्यान शिविर में आनंद की अनवरत धारा, ध्यान-नृत्य में लीन



**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 30 मार्च।** शहर में आयोजित 31वें ओशो ध्यान साधना शिविर में इन दिनों आध्यात्मिक ऊर्जा और आनंद का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। स्थानीय रातौर रोड स्थित शिव रिसोर्ट में चल रहे इस आवासीय शिविर में देशभर से आए 226 ओशो प्रेमी सुबह से रात तक ध्यान, नृत्य और साधना में डूबकर आत्मिक शांति का अनुभव कर रहे हैं।

28 मार्च को प्रारंभ हुआ यह शिविर ओशो की देशना पर आधारित है, जिसका संचालन मधुवन ओशो आश्रम चांपा छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध शिविर संचालक आनंद एकांत द्वारा किया जा रहा है। मध्यप्रदेश सहित छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, दिल्ली, उत्तरप्रदेश और हिमाचल से आए साधक विभिन्न ध्यान विधियों, ऑडियो-वीडियो प्रवचनों और आध्यात्मिक गतिविधियों के माध्यम से आंतरिक यात्रा पर अग्रसर हैं।

शिविर की दिनचर्या बेहद अनुशासित और ऊर्जावान है- सुबह 6:30 बजे योग और सक्रिय ध्यान से शुरुआत होती है, जो रात 8:30 बजे संध्या सत्संग तक निरंतर चलती है। इसके बाद रात 9 बजे से जोरबा पार्टी' में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से साधक आनंद की अभिव्यक्ति करते हैं। आयोजन में प्रमुख सहयोगी राजकुमार बिंदल (स्वामी देवबंधु), प्रबंधक गोपाल जी (स्वामी निखिल आनंद) और मीडिया प्रभारी डॉ. भूपेन्द्र विकल (स्वामी कृष्ण आनंद) की महत्वपूर्ण भूमिका रही। शिविर का समापन 31 मार्च को ओशो सन्यास महोत्सव के साथ होगा।

# विधायक जैन के बेबाक अंदाज ने षड्यंत्र को किया धराशायी



**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 30 मार्च।** राजनीति में जब विकास की गति तेज होती है, तो विरोधी अक्सर षड्यंत्र का सहारा लेते हैं। हाल ही में खोड क्षेत्र के दौरे पर गए शिवपुरी विधायक देवेंद्र जैन के खिलाफ एक वीडियो क्लिप वायरल कर

**खोड में विधायक को बदनाम करने की कोशिश नाकाम**

उन्हें और उनके परिवार को निशाना बनाने की कोशिश की गई, लेकिन तथ्यों की कसौटी पर यह पूरी कहानी धाराशायी हो गई है।

वीडियो में राशन माफिया का आरोप लगाने वाला व्यक्ति तब बेनकाब हो गया, जब विधायक के साथ मौजूद जागरूक नागरिकों ने उससे बुनियादी सवाल किए। जब उससे पूछा गया कि क्या आपने इसकी लिखित शिकायत किसी अधिकारी से की? तो वह कोई जवाब नहीं दे पाया। बाद में साक्ष्य दे दूंगा जैसे गोल-मोल जवाबों से साफ हो गया कि यह प्रकरण केवल सनसनी फैलाने के लिए रचा गया एक पूर्व-नियोजित झूठ था।आज की राशन वितरण प्रणाली पूरी तरह पारदर्शी है। बिना फिंगरप्रिंट के राशन का वितरण तकनीकी रूप से संभव ही नहीं है। ऐसे में राशन माफिया की बात करना न केवल गलत है, बल्कि क्षेत्र की जनता की समझदारी का भी अपमान है। विधायक का यह कहना कि वहां उनका कोई अपना नहीं है, उनके विराट व्यक्तित्व को दर्शाता है। इसका सीधा अर्थ है कि वे किसी भी स्थानीय गुटबाजी या माफिया से नहीं जुड़े हैं। उनके लिए क्षेत्र का हर नागरिक समान है। वे भाई-भतीजावाद से ऊपर उठकर काम कर रहे हैं। यदि कोई व्यक्ति उनके नाम का दुरुपयोग कर रहा है, तो विधायक ने उसे पहचानने से इनकार कर सीधे संदेश दिया है कि वे किसी भी गलत काम को संरक्षण नहीं देते। विरोधियों द्वारा यह सवाल उठाना कि विधायक अपने एजेंट को क्यों नहीं जानते, उनकी राजनीतिक अज्ञानता है। विशाल विधानसभा क्षेत्र में मंडल अध्यक्ष और उनकी टीम एजेंट नियुक्त करती है। विधायक का हर स्वयंभू एजेंट से व्यक्तिगत परिचय होना अनिवार्य नहीं है, और यही उनकी पारदर्शिता की ताकत है। विधायक देवेंद्र जैन की जीरो टॉलरेंस नीति ही उनकी पहचान है। खोड की जनता भली-भांति जानती है कि कौन उनके हक के लिए लड़ रहा है और कौन झूठ की राजनीति कर रहा है।

# कोलारस में कांग्रेस ने महंगाई-अतिक्रमण जैसे मुद्दों पर सौंपा ज्ञापन



**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 30 मार्च।** जिले के कोलारस में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर सोमवार को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। यह

**गैस-बिजली दर वृद्धि और ईंधन संकट उठाया, समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी**

ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी (एसडीओ) कोलारस के माध्यम से भेजा गया। इसमें गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतें और उसकी कमी, बिजली दरों में वृद्धि, पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता और नगर में बढ़ते अतिक्रमण जैसे विषयों को प्रमुखता से उठाया गया।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोलारस के अध्यक्ष बलभद्र सिंह धाकड़ के नेतृत्व में सौंपे गए इस ज्ञापन में कहा गया है कि क्षेत्र में रसोई गैस की आपूर्ति अनियमित है, जिससे आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। इसके अलावा, स्मार्ट मीटर लागू होने के बाद बिजली बिलों में हुई बढ़ोतरी और हाल ही में हुई दर वृद्धि पर भी कांग्रेस ने आपत्ति जताई है ज्ञापन में किसानों की समस्याओं का भी उल्लेख किया गया। कांग्रेस ने बताया कि वर्तमान में खेती का सीजन होने के बावजूद डीजल-पेट्रोल की पर्याप्त उपलब्धता नहीं हो पा रही है, जिससे किसानों को कृषि कार्यों में बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है। कोलारस नगर में बढ़ते अतिक्रमण पर भी कांग्रेस ने चिंता व्यक्त की। पार्टी ने आरोप लगाया कि नगर पालिका की उदासीनता के कारण शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे हो रहे हैं। इसके परिणामस्वरूप सड़कें संकरी हो गई हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। कांग्रेस ने मुख्यमंत्री से इन सभी समस्याओं का जल्द निराकरण करने की मांग की। पार्टी ने चेतावनी दी कि यदि इन मुद्दों का शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

# मुख्यमंत्री निवास पर नौनार सरकार महाराज का भव्य सम्मान



**नवभारत न्यूज**

**पोहरी, 30 मार्च।** मुख्यमंत्री निवास पर आध्यात्मिक आस्था और सामाजिक सरोकार का अनूठा संगम देखने को मिला, जब नौनार सरकार धाम के महंत गोपालदास महाराज ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने महाराज का पुष्पमालाओं एवं सम्मान के साथ आत्मीय स्वागत किया। भेंट के दौरान महंत गोपालदास महाराज ने नौनार सरकार धाम में आयोजित होने जा रहे भव्य धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम 351 कन्याओं के सामूहिक विवाह सम्मेलन एवं श्रीमद् भागवत कथा का औपचारिक निमंत्रण मुख्यमंत्री को प्रदान किया। उन्होंने बताया कि यह आयोजन समाज में सेवा, संस्कार और सहयोग की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इस पुनीत पहल की सराहना करते हुए कहा कि सामूहिक विवाह जैसे आयोजन सामाजिक समरसता और जरूरतमंद परिवारों के लिए बड़ी सहायता का माध्यम बनते हैं। उन्होंने आयोजन की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं और हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री निवास का वातावरण भक्तिमय बना रहा और उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं श्रद्धालुओं ने महाराज जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। नौनार सरकार धाम में होने वाले इस भव्य आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह और श्रद्धा का माहौल व्याप्त है।

**351 कन्याओं के विवाह सम्मेलन का दिया निमंत्रण**

# श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाई गई महावीर जयंती



**नवभारत न्यूज**

**करैरा, 30 मार्च।** जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की जयंती इस वर्ष करेरा नगर में अभूतपूर्व श्रद्धा, अनुशासन और आध्यात्मिक गरिमा के साथ संपन्न हुई। परम पूज्य मुनि श्री विध्रुव सागर जी महाराज के पावन सानिध्य में संपूर्ण जैन समाज ने एकजुट होकर इस महापर्व को धर्म, साधना और सामाजिक एकता के अद्वितीय उत्सव के रूप में मनाया।

यह नगर के लिए विशेष सौभाग्य का अवसर रहा कि मुनि श्री का पावन विहार इंदौर से सिद्ध क्षेत्र सोनागिरी जी की ओर गतिमान रहते हुए महावीर जयंती के पावन पर्व पर करेरा में उनका सानिध्य प्राप्त हुआ। इससे संपूर्ण वातावरण धर्ममय एवं पुण्यमयी बन गया।

महावीर जयंती के पूर्व दिवस पर मुनि श्री का नगर में मंगल प्रवेश हुआ, जहां श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से जयकारों के साथ आरती एवं पादप्रक्षालन कर उनका भव्य स्वागत किया। प्रात: 8 बजे भगवान महावीर स्वामी को जल विहार हेतु पालकी में विराजमान किया तो वहीं दूसरी पालकी में मां जिनवाणी को विराजमान कर भव्य शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से निकाली गई इस शोभायात्रा में मुनिश्री के साथ -साथ समाज के सभी वर्गों—महिलाओं, युवाओं और बच्चों—ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसमें सभी महिलायँ जहां केसरिया रंग में नजर आईं तो वहीं पुरुष वर्ग भी धोती-दुप्पट्टा एवं सफेद बस्त्रों के साथ शोभा यात्रा में नजर आये जिससे नगर भक्ति और उल्लास के रंग में रंग गया।

जब शोभायात्रा पुन: नई कॉलोनी स्थित जिनालय पहुंची, तब सर्वप्रथम बोलियों के माध्यम से पात्रों का चयन किया गया। तत्पश्चात भगवान महावीर का विधि-विधान से 108 कलशों से अभिषेक, शांतिधारा एवं पालना सहित अन्य मांगलिक क्रियाएं संपन्न की गईं। इस पावन अनुष्ठान में करेरा नगर के समस्त समाजबंधुओं, महिलाओं और बच्चों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता कर धर्म के प्रति अपनी गहरी आस्था प्रकट की।

इस अवसर पर मुनि श्री विध्रुव सागर जी महाराज ने अपने प्रेरणादायी प्रवचनों में कहा कि मनुष्य को भगवान महावीर के बताए हुए अहिंसा, सत्य और संयम के मार्ग पर चलकर अपने जीवन को मोक्षगामी बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि महावीर स्वामी का संदेश संपूर्ण मानवता के कल्याण का मार्ग है और उनके सिद्धांतों का अनुसरण कर ही जीवन को सार्थक बनाया जा सकता है। कार्यक्रम की संध्या बेला में आचार्य गुरुभक्ति के पश्चात भक्ताम्बर स्तोत्र के 48 काव्यों के साथ 48 दीपों द्वारा भव्य दीपार्चना की गई। दीपों की दिव्य आभा और भक्तिभाव से ओतप्रोत वातावरण ने सभी श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक अनुभूति से भर दिया। इसके उपरांत मंगल आरती करते हुए सभी ने प्रभु की महाआरती में सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

अंत में समस्त समाजजनों के लिए सामूहिक वात्सल्य भोज का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर आपसी प्रेम, सद्भाव और एकता का संदेश दिया। मुनि श्री विध्रुव सागर जी महाराज के सानिध्य में आयोजित यह भव्य महोत्सव करेरा नगर के लिए न केवल एक धार्मिक आयोजन रहा, बल्कि आध्यात्मिक जागरण, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक गौरव का प्रेरणादायी प्रतीक बन गया।



# भगवान महावीर स्वामी की जयंती भक्ति भाव से मनी

**नवभारत न्यूज**

**पोहरी, 30 मार्च।** नगर में जैन धर्म के 24वें तीर्थकर भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक बड़े ही धूमधाम, हर्षोल्लास और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर

**800 वर्ष प्राचीन दिगम्बर जैन मंदिर से निकली प्रभात फेरी, जयकारों से गूंजामान हुआ नगर**

सकल दिगम्बर जैन समाज द्वारा श्री 1008 आदिनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रेस को जारी विज्ञप्ति मे हितेश जैन ने बताया की सुबह भगवान का अभिषेक एवं शांतिधारा विधि-विधान से संपन्न हुई। इसके बाद श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से पूजा-अर्चना की। सुबह करीब 8 बजे किले स्थित प्राचीन जैन मंदिर से प्रभात फेरी का शुभारंभ किया गया, जिसमें जैन समाज के महिला, पुरुष और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। हाथों में धर्म ध्वज लिए श्रद्धालु भगवान महावीर के जयकारे लगाते हुए नगर के प्रमुख मार्गों, कटारा मोहल्ला, जल मंदिर रोड, मेन बाजार होते हुए चौराहा से श्री चंद्रप्रभु जिनालय तक पहुंचे और पुन: किले मंदिर में समापन हुआ। प्रभात फेरी के दौरान नगर में जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा स्वागत किया गया। भगवान महावीर स्वामी के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम के अंतर्गत शाम 7 बजे से भक्ताम्बर पाठ एवं रात्रि 8 बजे से चंद्रप्रभु जिनालय पाठशाला के बच्चों द्वारा धार्मिक नाटक का मंचन भी किया गया। इस अवसर पर जैन समाज ने भगवान महावीर के बताए अहिंसा, सत्य और 'जियो और जीने दो' के संदेश को अपनाने का संकल्प लिया।

# रॉन्ग साइड ट्रॉली से भिड़ी बाइक, 19 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत



**शिवपुरी।** बदरवास थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-46 पर बड़खेड़ा गांव के पास रविवार रात एक भीषण सड़क हादसे ने एक युवा जिंदगी छीन ली। रॉन्ग साइड से आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक सवार 19 वर्षीय युवक को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही हालत गंभीर हो गई और अस्पताल में उसने दम तोड़ दिया।

मृतक की पहचान अमित बंजारा निवासी हुकूमपुर, थाना अजीतमल, जिला औरैया उत्तरप्रदेश के रूप में हुई है। वह फेरी लगाकर कपड़े बेचने का काम करता था और रोजी-रोटी के सिलसिले में अपने साथियों के साथ म्याना की ओर जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा रात करीब 10 बजे उस समय हुआ जब भूसा से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली गलत दिशा से आ रही थी। अचानक सामने आई ट्रॉली से बाइक की सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अमित गंभीर रूप से घायल हो गया।घटना के तुरंत बाद उसे बदरवास स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर मामला दर्ज कर लिया है और हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।


# कार्यालय नगर परिषद् पोहरी जिला शिवपुरी

क्रमांक/न.प./निविदा/26/ पोहरी, दिनांक :-

email:cmopohri@mpurban.gov.in

## निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण बेवसाइट https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। टेण्डर परचेस ऑनलाईन कर सकते है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक | निविदा जारी दिनांक | कार्य का नाम / आमंत्रित दर | 1. कार्य की लागत 2. धरोहर राशि 3. निविदा प्रपत्र की राशि | निविदा प्रपत्र खरीदने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2026_UAD _494578_1 | 25.03.2026 | CONSTRUCTION OF ASPIRATIONAL COMMUNITY AND PUBLIC TOILET WORK AT POHRI ULB AREA | 1. रू. 21,17,438.00 2. रू. 15,881.00 3. रु. 5,000.00 | 24.04.2026 |

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद पोहरी
जिला शिवपुरी